जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2020/276 दिनांक : 07.03.2020

// अत्यावश्यक - पत्र //

प्रति,

समस्त वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष,
प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र (बी.एड.एम.एड. इंटीग्रेटेड पाठ्यक्र)
जीवाजी विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र ग्वालियर (म.प्र.)

विषय :- B.ED.M.ED. (Integrated) VIth Semester Practical Exam June, 2019 हेतु प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 21.03.2020 को सम्पन्न कराकर प्रायोगिक अंक ऑनलाइन अपडेट कर अपडेटेड अंको की सूची दिनांक 23.03.2020 को विश्वविद्यालय को प्रेषित करने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालयीन **B.ED.M.ED. (Integrated) VIth Semester Practical Exam June, 2019** की प्रायोगिक परीक्षा **दिनांक 21.03.2020 को सम्पन्न कराकर प्रायोगिक अंक ऑनलाइन अपडेट कर अपडेटेड अंको की हॉर्ड कॉपी दिनांक 23.03.2020 को विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा कराने की व्यवस्था करें।** प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र के बाहय् परीक्षक की नियुक्ति का पत्र विश्वविद्यालय में उप-कुलसचिव (गोपनीय) कार्यालय से प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र का प्रतिनिधि वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष (महाविद्यालय के प्राचार्य) का अथोरिटी लेटर प्रदान कर नियुक्ति पत्र प्राप्त कर सकता है।

साथ ही समस्त वरिष्ठ केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि बाह्य परीक्षक द्वारा प्रायोगिक परीक्षा के लिए जा रहे बायवा की विडियोग्राफी कराकर विडीयो सीडी, अंकों की हॉर्ड कॉपी के साथ अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय में जमा करेंगे।

समस्त वरिष्ठ केन्द्राध्यक्षों (प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र) को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र पर सम्मिलित होने वाले महाविद्यालयों के **B.ED.M.ED. (Integrated) VIth Semester Practical Exam June, 2019** के परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा **दिनांक 21.03.2020 को सम्पन्न कराकर प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपने महाविद्यालय के कम्प्यूटर पर ऑन लाइन अंकित करा कर अंकित किये गये अंकों की सूची को प्रिंट आउट** लेकर प्राप्त सूची पर बाहृय परीक्षक, आंतरिक परीक्षक एवं वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष (प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र) के हस्ताक्षर कर अंकों की हार्ड कॉपी **दिनांक 23.03.2020** तक विश्वविद्यालय कार्यालय में आवश्यक रूप से जमा करावें। प्रायोगिक परीक्षा के अंकों की हार्ड कॉपी पर बाहृय परीक्षक का मोबाइल नम्बर एवं ईमेल आईडी भी अनिवार्य रूप से अंकित की जावे। यदि अंकों की हार्ड कापी पर बाहृय परीक्षक का मोबाइल नम्बर अंकित नहीं होगा तो प्रायोगिक अंकों की हार्ड सूची को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

प्रायोगिक परीक्षा के अंकों को ऑनलाइन अपडेट करने हेतु जिन महाविद्यालयों के परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं उन महाविद्यालयों के कम्प्यूटर ऑपरेटर आपके महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपने महाविद्यालय के परीक्षार्थियों के प्रायोगिक अंकों को ऑनलाइन अपडेट करेंगे।

परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग की अपेक्षा के साथ।

भ व दी य

कुलसचिव

प्रतिलिपिः-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
3. सहा./उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोप.)